नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

हिंदी विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग का आयोजन

पत्रकारिता पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 10 व 11 अप्रैल को

वर्धा, 07 अप्रैल 2017: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा का जनसंचार विभाग आगामी 10 व 11 अप्रैल 2017 को गालिब सभागार में पत्रकारिता और समाज पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित करने जा रहा है यह जानकारी देते हुए जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डा. कृपाशंकर चौबे ने बताया कि संगोष्ठी का उदघाटन 10 अप्रैल 2017 को पूर्वाह्न 10.30 बजे होगा । उदघाटन सत्र में हिंदी भाषा, पत्रकारिता और समाज पर चर्चा होगी । देश के सुप्रसिद्ध पत्रकार राहुल देव बीज वक्तव्य देंगे । मानविकी संकाय के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार स्वागत भाषण करेंगे । मणिकांत सोनी अतिथि वक्ता होंगे । उदघाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे।

राष्ट्रीय संगोष्ठी का द्वितीय सत्र 10 अप्रैल 2017, अपराह्नः 3 बजे शुरू होगा जिसमें पूँजी, पत्रकारिता और लोकतंत्र पर चर्चा होगी । सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा करेंगे। सत्र में कल्लोल चक्रवर्ती, अरुण कुमार त्रिपाठी और अनिल अग्रवाल वक्ता होंगे । तृतीय सत्र 11 अप्रैल 2017, पूर्वाह्न 10.30 बजे आरंभ होगा जिसमें संपादक नामक संस्था का ध्वंस पर चर्चा होगी। सत्र की अध्यक्षता राहुल देव करेंगे जबकि मुख्य अतिथि होंगे सुधीर पाठक और विशेष अतिथि होंगे एस. एन. विनोद । सत्र के वक्ता होंगे हर्षवर्धन आर्य, मणिकांत सोनी और अनिल अग्रवाल । समापन सत्र 11 अप्रैल 2017, अपराह्न 3 बजे शुरू होगा जिसमें पत्रकारिता का भविष्य और भविष्य की पत्रकारिता पर चर्चा होगी । सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे और विशेष वक्ता होंगे सुधीर पाठक। सत्र में वरिष्ठ पत्रकार एस.एन. विनोद, हर्षवर्धन आर्य, कल्लोल चक्रवर्ती और अनिल अग्रवाल हिस्सा लेंगे। विभिन्न सत्रों का संचालन व संयोजन जनसंचार विभाग के डा. धरवेश कठेरिया, डा. अख्तर आलम, संदीप कुमार वर्मा, डा. रेणु सिंह और राजेश लेहकपुरे करेंगे ।